# Reports of different types of skill activities: Soft Skills

दिनांक 05.11.2023 को उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी में आयोजित 'विज्ञान महोत्सव' के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र- छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली:
वाराणसी, 05.11.2023
* उदय प्रताप कॉलेज में मनाया गया विज्ञान महोत्सव*
विज्ञान, प्रद्योगिकी और नवाचार पर आधारित विज्ञान महोत्सव का आयोजन उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी में किया गया । महोत्सव विज्ञान एवम कृषि संकायों के छात्र छात्राओं के लिए आयोजित किया गया जिसमें 400 से अधिक छात्र छात्राओं ने ऑनलाइन गूगल फॉर्म के जरिए रजिस्ट्रेशन किया था ।कार्यक्रम में मुख्य प्रतियोगिताएं पोस्टर मेकिंग, मॉडल एवम रंगोली थी जिसमे छात्र छात्राओं बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने अपने विचारो और नवाचार केउद्देश्यों को पोस्टर, रंगोली और मॉडल के जरिए प्रदर्शित किया । सभी थीमों का मूल्यांकन अलग निर्णायक मंडल ने किया । निर्णायक मंडल में प्रो. जान्हवी सिंह, प्रो रमेश धर द्विवेदी, से. आतिफ खान, प्रो. सी पी सिंह, प्रो आलोक कुमार सिंह, प्रो संजीव कुमार सिंह,प्रो. गरिमा सिंह,प्रो अलका आर गुप्ता एवं प्रो प्रज्ञा परमिता थी। प्रतियोगिता के विजताओ के नाम इस प्रकार हैं प्रथम विजेता शिफा इदरीशी और टीम, द्वितीयविजेतआओ में टाई अप रहा जिसमे सात्विक त्रिपाठी और टीम जो की बी एससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा है तथा काजल सिंह और टीम जो की बी एससी (एजी) तृतीय सेमेस्टर की छात्रा है। तथा तृतीय विजेता आदित्य कुमार कश्यप बी एससी (एजी) सप्तम सेमेस्टर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैंसी और टीम (बी एससी तृतीय सेमेस्टर), द्वितीय रुद्र प्रताप वर्मा और टीम (बी एससी पंचम सेमेस्टर) तथा तृतीय विजेता प्रणामिका मिश्रा और टीम (बी एससी प्रथम सेमेस्टर) रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिलाषा तिवारी और टीम (बी एससी पंचम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान श्रेया जयसवाल और टीम (बी एससी पंचम सेमेस्टर) तथा तृतीय स्थान पर आकांक्षा यादव और टीम (बी एससी पंचम सेमेस्टर) रही।
महोत्सव के मुख्य अतिथि श्री आतिफ खान साइंटिस्ट डी, परमाणु अनुसंधान विभाग, इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च कलपक्कम तमिलनाडु ने छात्र छात्राओं को बैक्टीरियोफेज और बायोफाउल्डिंग के विषय में व्याख्यान के जरिए विस्तार पूर्वक समझाया । मुख्य अथिति का स्वागत यू पी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया ।धन्यवाद ज्ञापन प्रो देवेंद्र कुमार सिंह ने किया जो की इस महोत्सव के संयोजक भी है । कार्यक्रम का संचालन श्री सत्य शरण मिश्रा (सह संयोजक) ने किया । कार्यक्रम के दौरान डीन विज्ञान संकाय प्रो एन पी सिंह, जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो तुमुल सिंह, श्रीमती प्रीति यादव वकीर्ति सिंह तथा महोसव के सह संयोजक श्री सतीश प्रताप सिंह, श्री शशांक शेखर, श्री सुमित प्रसाद, श्री सौविक गरानी एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे ।






आज, दिनांक 31 अक्टूबर 2023, पूर्वान्ह 11.00 बजे,को उदय प्रताप कालेज, वाराणसी , की छात्राओं ने ; सरदार वल्लभ भाई पटेल की, जन्म जयंती, पर मिशन शक्ति फेज -4, के अंतर्गत आयोजित "एकता दौड़ "के आयोजन में भाग लिया। दौड़ का शुभारंभ , महाविद्यालय के , प्राचार्य डा 0 धर्मेंद्र कुमार सिंह जी, ने छात्राओं को संबोधित करते हुए किया।दौड़ का आयोजन पूर्वान्ह 11.00 बजे, से किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ, मिशन शक्ति का पोस्टर व बैज प्रतियोगिता में प्रातः प्रतिभाग केसाथ किया। कार्यक्रम के दौरान, सैकड़ों छात्रों ने भी छात्राओं के साथ शपथ लेकर भारत सरकारद्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम का, समर्थन किया। मिशन शक्ति की कार्यक्रम अधिकारी -डॉ0 रश्मि सिंह जी के निर्देश पर, एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ0 राजेश कुमार






एनआरसी-एनसीटीई एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की प्रेरणा से आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा (विशेष अभियान 3.0) के तत्वाधान में आज दिनांक 18-10- 2023 को शिक्षा संकाय, उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी द्वारा स्वच्छतारैली भोजूबीर क्षेत्र के लिए निकाली गई जिसे कॉलेज के प्राचार्य प्रो॰ धर्मेंद्र कुमार सिंह, मुख्य कुलानुशासक प्रो॰ संजय कुमार शाही एवं विभागाध्यक्ष प्रो॰ गरिमा सिंह ने रवाना किया। रैली का उद्देश्य आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। रैली के नारों 'हम सब ने यह ठाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है', 'गंदगी को दूर भगाओ, भारत को स्वच्छ बनाओ', 'नर हो या नारी, देश की स्वच्छता हम सब की जिम्मेदारी' से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस स्वच्छता रैली में विभाग के प्राध्यापकगण प्रो॰ रमेश धर द्विवेदी, प्रो॰ नीलिमा सिंह, प्रो॰ रेनू सिंह, प्रो॰ रश्मि सिंह, डॉ॰ संजय, डॉ॰ कृष्ण कुमार, डॉ॰ विजय, डॉ॰ विनोद सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी प्रतिभाग किया।

















आज दिनांक 12/10/2023 को समय 12.30 बजे उदय प्रताप कॉलेज,वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मेरी माटी - मेरा देश अभियान के तहत'अमृत कलश यात्रा' निकाली गई। सर्वप्रथम कॉलेज के प्रशासनिक भवन के सामने प्राचार्य प्रो.धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पंच प्रण प्रतिज्ञा ली गई तत्पश्चात प्राचार्य,शिक्षक,NSS तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने अपने- अपने घरों से लाए मिट्टी/चावल को अमृत कलश में एकत्रित किया गया जिसे लेकर भोजूवीर चौराहे से होकर कॉलेज कैंपस में बड़े ही धूमधाम सेरैली निकाली गई। बच्चो ने इस रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बताते चलें कि बलिदानी और वीर वीरांगनाओ को सम्मान देने के लिए मेरी माटी - मेरा देश अभियान पूरे देश चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान देशभर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह अमृत कलश यात्रा देश के हर कोने से 7500 कलशों में मिट्टी और चावल एकत्रित करके लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से एक दिन पहले दिल्ली कर्तव्य पथ पर पहुंचाया जाएगा। गांव से अमृत कलश ब्लॉक,ब्लॉक से जिला और फिर प्रदेश पहुंचेगी।प्रदेश भर से एकत्रित मिट्टी और चावल को दिल्ली पहुंचाया जाएगा। यह यात्रा अपने साथ देश के विभिन्न हिस्सों से पौधे भी लेकर आएगी।इन 7,500 कलशों में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 'अमृत वाटिका' बनाई जाएगी। यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का भव्य प्रतीक बनेगी। सूचना एवं प्रसारण और दूरसंचार विभाग के सचिव अपूर्व चंद्रा के मुताबिक, वीरों को श्रद्धांजलि के रूप में शिलाफलकम स्थापित किया जाएगा। मिट्टी का नमन और वीरों का वंदन; मेरी माटी - मेरा देश अभियान के प्रमुख घटक हैं। अंत में प्राचार्य द्वार कहा गया कि वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस राष्ट्रीय अभियान में अमृत कलश में मिट्टी और चावल एकत्रित करके शामिल होना पूरे कॉलेज परिवार को बहुत गर्व है और आगे भी कॉलेज परिवार ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रम और अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता रहेगा।









उत्तर प्रदेश में ' पेड़ लगाओ - पेड़ बचाओ' थीम पर ' वृक्षारोपण जन अभियान - 2023' के अंतर्गत राज्य के माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा यूपी में कुल 35 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है।जिसमे माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारे लिए पर्यावरण की रक्षा एक आस्था का विषय है, हमारे पास प्राकृतिक संसाधन है क्योंकि हमारी पिछली पीढ़ियों ने इनकी रक्षा की है इसलिए हमे भी अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा करना होगा।अतः पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकी संतुलन को सुनिश्चित करते हुए इस ईश्वरीयकार्य के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के सभी लोगो से अपील की है कि सभी लोग कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए उदय प्रताप कॉलेज में आज दिनांक 22.07.2023 को सुबह शहर के माननीय मेयर साहब के नेतृत्व में,नगर आयुक्त, कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक, एनसीसी, NSS,महाविद्यालय के छात्र,छात्राएं,फॉरेस्ट विभाग आदि द्वारा कुल 100 पौधे कॉलेज परिसर में लगाए गए।जिसमे प्राचार्य प्रो.धर्मेंद्र कुमार सिंह ने इसके महत्व को बताते हुआ कहा कि वर्तमान में आधुनिकीकरण के कारण पृथ्वी वीरान होती जा रही है।उसकी हरियाली और सुंदरता नष्ट होती जा रही है।एक पेड़ लगाने की जगह 100 पेड़ काटे जा रहें हैं जिससे पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। पौधों के नष्ट होने से मानव जाति के साथ जीव जंतुओं का जीवन विकट संकट में है।वायुमंडल की हवा जहर बनती जा रही है,धूल के कण हवा के माध्यम से फेफड़ों को छलनी करते जा रहे हैं।यदि समय रहते मनुष्य पौधो की सुरक्षा के प्रति नहीं जागा तो एक वक्त ऐसा भी आयेगा कि हर व्यक्ति पीठ पर ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर फिरेगा। नासा की एक रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति प्रतिदिन 14 किलो सांस लेने वाली हवा में लगभग 0.84 किलो शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है।इस प्रकार वह लगभग 306 किलो प्रतिवर्ष ऑक्सीजन लेता है। अतः एक मनुष्य को आजीवन शुद्ध ऑक्सीजन लेने के लिए दो प्रौढ़ वृक्ष की आवश्यकता होगी। वृक्षों की कमी से प्रतिवर्ष वातावरण के तापमान में आशातीत वृद्धि हो रही है जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं तथा अनियमित बारिश से बाढ़ और सूखा पड़ने से सम्पूर्ण जीव जगत का जीवन खतरे में पड़ गया है।यदि इस धरा को हरा भरा बनाना है तो हमे अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हे सुरक्षित करना होगा।एक वृक्ष दस पुत्र समान की कहावत पौधो की महत्वता को चरितार्थ करता है।अभी बारिश का मौसम भी है जो कि पौधे लगाने का सबसे अनुकूल समय माना जाता है यदि इस मौसम में पौधे लगाए जाए तो पौधो के लगने की संभावनाएं अधिक होती हैं।




NATIONAL CADET CORPS
3/100UP BN NCC
UDAI PRATAP INTER COLLEGE,
VARANASI
वृक्षारोपण
2023-24
A.N.O.Lt.


NATIONAL CADET CORPS
3/100UP BN NCC
PRATAP INTER COLLEGE,
VARANASI
वृक्षारोपण अभियान 2023-24

उदय प्रताप कॉलेज में हुआ ७ दिवसीय प्रायोगिक कार्यशाला का उदघाटन

महानगर के प्रतिष्ठित उदय प्रताप कॉलेज के प्राणी विज्ञान विभाग में ७ दिवसीय प्रायोगिक कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उदघाटन प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह और मुख्य अतिथि प्रो. जगत कुमार रॉय ने दीप प्रज्वलन एवम् राजर्षि उदय प्रताप सिंह जूदेव के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया।

अपने अध्यक्षीय उदबोधन में प्राचार्य ने शिक्षा में प्रायोगिकता के महत्व को रेखांकित किया तथा प्राणी विज्ञान विभाग द्वाराबायोटेक्नोलॉजी डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए प्रबंध तंत्र द्वारा पूरे सहयोग का आश्वासन भी दिया।

मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों में उत्सुकता को जगाने हेतु प्रश्न पूछने की क्षमता के विकसित किए जाने पर जोर दिया तथा सर्विक्स कैंसर और ह्यूमन पैपिलोमा वायरस पर व्याख्यान दिया।

कार्यशाला आगामी २१ जुलाई तक प्रतिदिन चलेगी।

कार्यशाला में उदय प्रताप कॉलेज के साथ ही घनश्याम पी जी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला के आयोजन में विभागाध्यक्ष प्रो. तुमुल सिंह के साथ विभागीय प्राध्यापक डा. संजय श्रीवास्तव, डा. बृजेश कुमार सिन्हा, डा. अश्विनी कुमार निगम, श्री सतीश प्रताप सिंह, सुश्री प्रीति यादव, श्री विनय प्रताप एवम सुश्री कीर्ति सिंह ने योगदान दिया। विभागीय प्राध्यापकों के सहयोग में नीरज कुमार सिंह, संजय कुमार, कृपाशंकर गौड़ एवम सुरेंद्र प्रसाद ने भी सहयोग किया।









उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी के एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स -रेंजर्स के छात्र-छात्राओं द्वारा तथाभारत विकास परिषद्, शिवा शाखा द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में राजर्षी की बगिया में 251 फूल वाले पौधे रोपे गए*
कार्यक्रम के शुभारंभ में गंगा हरीतिमा के ब्रांड एंबेसडरअनिल सिंह ने सभी लोगों को वृक्षारोपण की शपथ दिलाई तथा सभी को अपने जन्मदिन पर एक एक पौधे रोपित करने के लिए जागरूक किए।
*काशी प्रांत के पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख मदन राम चौरसिया रिटा. फॉरेस्ट ऑफिसर ने बताया कि वनमहोत्सव देश के सभी लोगों में वृक्षों के प्रति चेतना पैदा करता है। यह देश में हरियाली लाने की दिशा में एक अंतहीन आंदोलन का प्रतीक है। पृथ्वी के हरित पर्यावरण की जीवंतता , विविधता, और प्राकृतिक सौंदर्य एक पवित्र धरोहर है। इसे संरक्षित एवं संवर्धित करने का सभी लोगों ने संकल्प लिया*। इस कॉलेज का पूर्व छात्र होने के कारण इन्होंने प्रिंसिपल कक्ष के सामने दो लॉन, केमिस्ट्री व बॉटनी डिपार्टमेंट के लॉन, न्यू हॉस्टल के लॉन, मैनेजमेंट बिल्डिंग के बड़े लॉन, व शिव मंदिर के लॉन में दुनिया के खूबसूरत फूल वाले वृक्षों की लैंडस्कैपिंग करके पौधरोपण कराया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह डीएफओ वाराणसी ने राज्य वृक्ष सीता औरप्रिंसिपल डॉ डी.के.सिंह ने प्राइड ऑफ इंडिया पौधे का रोपण किया। भारत विकास परिषद के रीजनल महासचिव नवीन श्रीवास्तव ने स्पैथोडिया के पौधे, रीजनल सचिव प्रमोद त्रिपाठी ने शिव मंदिर में नागलिंगम के पौधे रोपित किए।काशी प्रांत के अध्यक्ष प्रवीण कुमार पटेल ने स्वर्ण चंपा के पौधे और सचिव रवि प्रकाश ने लाल सावनी के पौधे रोपित किए । मदन राम चौरसिया नेकेमिस्ट्री डिपार्टमेंट के लॉन में सफेद मैगनोलिया व लाल प्लूमेरिया , शिवा शाखा के अध्यक्ष मोहन रौनियार ने टबेबिया, सचिव अखिलेश तिवारी ने अफ्रीकन ट्यूलिप ट्री, कोषाध्यक्ष कौशल शर्मा ने सीता अशोक के पौधे रोपित किए। गंगा हरीतिमा के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह ने पिंक प्लूमेरिया के पौधे तथा कालिका सिंह रिटा. क्षेत्रीय निदेशक ने अफ्रीकन ट्यूलिप ट्री के पौधे रोपित किए। केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड ने अफ्रीकन टयूलिप ट्री , बॉटनी डिपार्टमेंट के हेड ने हेलीकोनिया , बर्ड ऑफ पैराडाइज, कृषि विभाग के हेड ने टबेबिया रोजीया के पौधे तथा प्रोफेसर सुधीर शाही ने रेड एक्सोरा के पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित उदय प्रताप महाविद्यालय के प्रोफेसर, अध्यापक गण, छात्र-छात्राएं, एनएसएस व एनसीसी के कैडेट, 95 बटालियन सीआरपीएफ 95 के कमांडेंट, पीआरओ प्रवीण कुमार व सुरक्षा बल , एनडीआरएफ फोर्स के कमांडेंट व सुरक्षा बल, गंगा टास्क फोर्स के कमांडेंट व फोर्स तथा भारत विकास परिषद, शिवा के प्रदीप चौरसिया अखिलेश तिवारी सचिव, आर सी श्रीवास्तव सभी पदाधिकारी व सदस्यगण , काशी प्रांत के पदाधिकारी, रीजनल सचिव, महासचिव आदि लोगों ने मिलकर *पिंक ,पर्पल, व रेड सावनी, टिकोमा रेड एक्जोरा,स्वर्ण चंपा, प्राइड ऑफ इंडिया, नागालिंगम ,रुद्राक्ष, बेल, अपराजिता, ट्रंपेट वाइन, बिगोनिया वेनुसटा, क्लेरोडेंडन स्कैंडेंस* आदि प्रजातियों के 251 पौधे रोपित किये।
प्राचार्य डॉ डी.के. सिंह ने राजर्षि जी की बगिया को हरियाली एवं फूल वाले पौधों से आच्छादित करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरुक किए।
*मदन राम चौरसिया ने जानकारी दिया कि नासा की रिपोर्ट के अनुसार एक व्यक्ति प्रति दिन 14 किलो.कुल सांस लेने वाली हवा में 0.84 किलो.शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है।इस प्रकार 306 किलो. प्रतिवर्ष ऑक्सीजन लेता है । एक वृक्ष प्रतिवर्ष 118 किलो. शुद्ध ऑक्सीजन छोड़ता है। इस प्रकार एक मनुष्य को आजीवन शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करने के लिए दो प्रौढ़ वृक्ष की आवश्यकता होगी।*
*भगवान बुद्ध ने भी अपने सारनाथ के प्रथम उपदेश में प्रत्येक मनुष्य को पांच साल में कम से कम एक वृक्ष लगाने का संदेश दिया था।*

*वाराणसी में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण 92% रोड डस्ट है। शहर के चौड़े मार्गों के किनारे डस्ट कैपचरिंग व वायु प्रदूषण को अवशोषित करने वाले वृक्ष नीम, पीपल ,बरगद , कंजी, अर्जुन ,बांस, अशोक, पलाश, शीशम, बीजासाल, जामुन ,बेल, महुआ, इमली, मौलश्री आदि पौधों का रोपण करना चाहिए।वाराणसी केप्रसिद्ध पर्यटक स्थलों, व संपर्क मार्गो, डिवाइडर पर, शिक्षण संस्थानों के लॉनो, शहर के पार्कों में आर्नामेंटल पौधेटबेबिया, स्पैथोडिया, रेड व पिंक प्लूमेरिया, रेड पिंक पर्पल सावनी, रेड एक्सोरा, टेकोमा, स्वर्ण चंपा, पिंक व रेड एजेलीया, प्राइड ऑफ इंडिया, सीता अशोक, आदि पौधों का रोपण करना चाहिए*।




*सघन शहर में प्रत्येक नागरिकों को अपने मकान की बाउंड्री वाल व बाहरी दीवाल पर *वर्टिकल गार्डेनिंग सिस्टम विकसित कर डस्ट प्रदूषण अवशोषित करने वाले क्रीपर पौधों का रोपण करना चाहिए*




# यूपी कालेज में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

परफेक्ट मिशन

**वाराणसी।** वन महोत्सव के उपलक्ष में उदय प्रताप कालेज में प्राचार्य प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में वन महोत्सव मनाया गया। जिसके दौरान गंगा हरीतिमा अभियान के ब्रांड अम्बेसडर, सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौध रोपण के तहत मंगलवार को यूपी कालेज में 95 बटालियन सीआरपीएफ, भारत विकास परिषद, 11 एन डी आर एफ, गंगा टास्क फोर्स ने पूरी टीम के साथ वृहद पौध रोपण एवं स्वच्छता अभियान के तहत जन जागरुकता रैली निकाली गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह जिला वन अधिकारी वाराणसी, विशिष्ट अतिथि कालिका सिंह रिटायर्ड क्षेत्रीय निदेशक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वाराणसी मंडल, कमांडेंट असीम उपाध्याय एनडीआरएफ,



लेफ्टिनेंट कर्नल हेमंत गंभीर गंगा टास्क फोर्स,उप कमांडेंट उमाकांत ओझा 95बटालियन सीआरपीएफ थे।

भारत विकास परिषद, शिवा शाखा, एनडीआरएफ 11 बटालियन गंगा टास्क फोर्स, 95 बटालियन सीआरपीएफ ने भी कालेज परिसर में वृक्षारोपण में अपना सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापकों, एनसीसी एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं वन संरक्षण की शपथ समाजसेवी पर्यावरणविद अनिल कुमार सिंह ने दिलायी। महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं के द्वारा लगभग 500 पौधों का रोपण किया गया एवं उसे सुरक्षित रखने की भी जिम्मेदारी भी ली गई।

## पर्यावरणविद अनिल सिंह ने पर्यावरण, जल व वन संरक्षण, स्वच्छता का दिलाया शपथ

कार्यक्रम में प्रोएन पी सिंह, प्रो सुधीर कुमार शाही, प्रो अंजू सिंह, प्रो संजय कुमार साही, प्रोफेसर सी पी सिंह, प्रो नरेंद्र कुमार, प्रो डीके सिंह, प्रो पंकज कुमार सिंह, डॉ मयंक कुमार सिंह, डॉ राजेश राय की सक्रिय भागीदारी रही 95 बटालियन के निरीक्षक परविंदर कुमार वह प्रवीण सिंह अपनी पूरी टीम के साथ तथा भारत विकास परिषद शाखा के मदन चौरसिया, प्रदीप चौरसिया अखिलेश तिवारी सचिव आर सी श्रीवास्तव सभी पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।





*पोस्टर प्रतियोगिता एवं रैली के माध्यम से यूपी कॉलेज में मना विश्व पर्यावरण दिवस*
*विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूपी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने किया जागरूक* 05 जून, 2023
उदयप्रताप कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरण रैली निकाली। इससे पहले महाविद्यालय में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित थीम "सॉल्यूशंस टू प्लास्टिक पॉल्यूशन" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर विंग की अंजली पाठक एवं सीनियर डिवीजन के अखंड सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किस प्रकार हम सस्टेनेबल उपभोग के द्वारा पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि आवश्यकता से अधिक प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से बचें तथा जितना जरूरी हो उतना ही बिजली-पानी का उपभोग करें। प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें तथा जब भी बाजार जाएं घर से थैला लेकर जाएं एवं प्लास्टिक में सामान लेने से बचें, तभी हमारी भावी पीढ़ियां इस पृथ्वी पर सुखमय जीवन व्यतीत कर सकेंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक प्रो. एमपी त्रिपाठी, प्रो. अंजू सिंह तथा अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. मयंक सिंह एवं लेफ्टिनेंट डॉ. देवनारायण सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुल 106 कैडेट्स एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।













UDAI PRATAP COLLEGE, VARANASI
ONE DAY WORKSHOP
On
CONTRIBUTION OF ANCIENT INDIA TO SCIENCE
Resource Person
Dr. V. Ramanathan, PI, IKS Center, IIT-BHU Varanasi
Date : 17th May, 2023, Time : 12.00 Noon, Venue : Central Library
Organised by :
System, Udai Pratap College, Varanasi
Prof. Dharmendra Kumar Singh
Principal







भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिएउन्नत भारत अभियान योजना की शुरुवात की गई है। इस योजना के अंतर्गत उदय प्रताप कॉलेज नेगावों के उन्नत विकास के लिए अपने आस पास के गावों को चुना है।आज दिनांक २९.४.२०२३ को इस योजना के अंतर्गत उदय प्रताप कॉलेज के द्वारा आउट रीच प्रोग्राम का आयोजन कराया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गाँवो के साथउच्च शिक्षण सस्थानों को जोड़ना है ,ताकि शिक्षण सस्थान अपने ज्ञान के आधार पर इन ग्रामीण समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति कोबेहतर बनाने में अपना योगदान दे सके । अतः 'उन्नत भारत अभियान' योजना के दृष्टिगतउदय प्रताप कॉलेज (वाराणसी ) के तरफ से कॉलेज के प्राचार्य प्रो.धर्मेंद कुमार सिंह के संरक्षण में (गणेशपुर,भेलखा, पीसौर, दानियलपूर, चमाव और भवानीपुर) गावों को चयनित किया गया है । 'उन्नत भारत अभियान' योजनाके उद्देश्यों को पूरा करने के लिएप्राचार्य प्रो.धर्मेंद कुमार सिंह के संरक्षण में एक टीम तैयार की गई है, जिसके कोआर्डिनेट डॉ तुमुल सिंह , सबकोर्डिनेट डॉ संजय श्रीवास्तव तथा अन्य सहयोगीशिक्षक असि. प्रो.विनय प्रताप, असि. प्रो.अग्नि प्रकाश शर्मा ,असि. प्रो.कीर्ति सिंह, असि. प्रो.चंदन कुमार ,असि. प्रो. राहुल गौतम, असि. प्रो. प्रताप गौतम,असि. प्रो. सतीश प्रताप सिंह ,असि. प्रो.वंश गोपाल यादव , असि. प्रो. सौविक गरानी , असि.प्रो.विनय कुमार यादव ,असि. प्रो.अभिषेक श्रीवास्तव, असि. प्रो.सुमित प्रसाद , असि. प्रो. शशांक शेखरहै। इस टीम के माध्यम से आज गणेशपुर,भेलखा, पीसौर और भवानीपुर गांव का सर्वेक्षण किया गया । भेलखा गांव में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चो से तथा गांव के कुछ महिला समूहों से वार्तालाप करके उनके समस्याओं को समझा गया उन्हें रोजगार के नये अवसरों की जानकारी दी गई एवं मशरूम, शहद, मोती और मछली पालन पर स्वरोजगार के फायदे भी बताए गये। आज के सर्वे के आधार पर हमारी टीम आगे का भी कार्य जारी रखेगी तथा गांव के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी ।




GPS Map Camera
Varanasi, Uttar Pradesh, India
9WFH+FVW, Panchkosi Rd, Bharilayi, Varanasi, Uttar Pradesh 221105, India
Lat 25.37393°
Long 82.92975°
29/04/23 12:49 PM GMT +05:30
Google


कोटेदार का नाम
ग्राम प्रधान का नाम
श्री संजीव कुमार सिंह
कक्षा-1
उदय प्रताप कॉलेज
वाराणसी
उन्नत भारत अभियान
ग्राम विकास - राष्ट्र विकास
GPS Map Camera
Pratap Patti, Uttar Pradesh, India
9WHC+QWF, Pratap Patti, Uttar Pradesh 221105, India
Lat 25.379345°
Long 82.922176°
29/04/23 11:02 AM GMT +05:30
Google



शासन के आदेशानुसार G-20 के प्रदेश में प्रचार - प्रसार हेतु उदय प्रताप कॉलेज ( स्वायत्तशासी ) वाराणसी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता , पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो. अंजू सिंह एवं सहसंयोजक प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में निबंध प्रतियोगिता में 95, पोस्टर प्रतियोगिता में 53 एवं भाषण प्रतियोगिता मेंछात्र / छात्राओं ने भाग लिया ।

विभिन प्रतियोगिताओंनिर्णायक मंडल के सदस्यों की भूमिका में प्रो . पंकज कुमार सिंह , डॉ . रूबी सिंह , डॉ . अंकिता मिश्रा , डॉ . संजय स्वर्णकार , डॉ .प्रताप गौतम , डॉ . सत्यशरण एवं डॉ . बंशगोपाल यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है । इस कार्यक्रम का संचालन डॉ . अग्नि प्रकाश शर्मा ने किया ।






भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप इंडिया के मंशा के अनुरूप उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी में कैरियर एंड स्टार्टअप इको सिस्टम इन इंडिया पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि डॉक्टर आदित्य राज सिंह,सीनियर साइंटिस्ट, DRDO, NBRI, मेंबर ऑफ स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर आईआईटी,कानपुर ने भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप इंडिया के तहत चलाए जा रहे सभी योजनाओं के बारे में प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत की जनसंख्या विश्व की द्वितीय है और देश में सबसे ज्यादा युवाओं की संख्याहै।सभी युवाओं की प्रतिभा,बौद्धिक क्षमता अलग अलग होती है इसलिए अपनी क्षमता और कौशल के अनुसार कार्य करना चाहिए। सपनो को पूरा करने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं और लाभ के बारे में बताया कि किस कार्य कैसे करना चाहिए,इस पर भारत सरकार द्वारा कौन कौन सी मदद की जा रही है,बैंक से कैसे और कितना लोन मिलता है आदि मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बच्चो को रोजगार की शिक्षा प्रदान की।बच्चो ने भी रोजगार से संबंधित अनेक प्रश्नों को पूंछा।इस वर्कशॉप से कई बच्चो को अपने भविष्य के निर्माण और प्रोजेक्ट पूरा करने में मदद मिली जिससे सभी खुश दिखे।कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर नरेंद्र प्रताप सिंह ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे युवा वर्ग खुद का रोजगार उत्पन्न करके दूसरो को भी रोजगार प्रदान कर सकता है जिससे देश उन्नति करेगा।अध्यक्षीय संबोधन में कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर नरेंद्र कुमार ने कहा कि कोई भी देश कितना अमीर हो लेकिन अपनी जनसंख्या का लगभग 30 से 40% तक को ही सरकारी नौकरी प्रदान कर सकता है इसलिए देश की उन्नति हेतु सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्टार्टअप इंडिया को बहुत अच्छा बताया।इससे युवा पीढ़ी हताश होकर गलत रास्ते में नही भटकेगी वह खुद अपने रोजगार से देश के विकास में मदद करेगी।इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन भी दिया।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉक्टर अग्नि प्रकाश शर्मा ने किया।कार्यक्रम में प्रोफेसर डी. के.सिंह.(यूजीसी कॉर्डिनेटर),प्रोफेसर एस के शाही,डॉक्टर संजीव कुमार सिंह,डॉक्टर आशुतोष गुप्ता,डॉक्टर सुनील सिंह,डॉक्टर प्रताप गौतम,डॉक्टर सत्येंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



दिनांक 03--03-2023 कोआनुवांशिकी एवम पादप प्रजनन विभाग ,उदय प्रताप महाविद्यालय, वाराणसी द्वाराई. एल. पी.सप्तमसेमेस्टर के छात्र एवम् छात्राओंके बीज उत्पादन प्रशिक्षण/भ्रमण हेतु आई. आई. वी. आर., वाराणसी में प्रशिक्षण/भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया था।डॉ. एस के तिवारी प्रधान वैज्ञानिक ने बीज उत्पादनटेक्नोलॉजी पर व्याख्यान दिया तथा किस्मों को कैसे विकसित किया जाए पर विस्तार पूर्वक बताया ।छात्र एवम छात्राओं को आई आई वी आर के रिसर्च फार्म का भ्रामण भी करवाया गया ।डॉ.अनंत बहादुर , प्रधान वैज्ञानिक ने पोमैटो, ब्रोमेटो केअनुसंधान के बारे में जानकारी दी। डॉ नागेंद्र राय, हेड क्रॉप इंप्रूवमेंट, आई. आई. वी. आर. नेछात्र एवम् छात्राओं को बीज उत्पादन सम्बन्धित जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रकाश सिंह, विभागाध्यक्ष, आनुवांशिकी एवम पादप प्रजनन , डॉ. श्याम बाबू वर्मा, प्रो. संजीव सिंह, प्रो. आलोक कुमार सिंह भी उपस्थित थे।इस प्रशिक्षण/भ्रमण के कार्यक्रम को आई आई वी आर में अनुमति देने के लिएनिदेशक को धन्यवाद दिया गया।









*जीवन रक्षा हेतु 'सड़क सुरक्षा शपथ'*

आज उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज के प्रांगण में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने पूर्वाह्न 11ः00 बजे जीवन रक्षा हेतु 'सड़क सुरक्षा शपथ' लिया तथा मानव श्रृंखला का निर्माण किया ।इस कार्यक्रम में कालेज के सम्मानित प्रोफेसर एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही तथा साथ में राष्ट्रीय सेवा योजना, उदय प्रताप कॉलेज, के अंतर्गत स्वयंसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं ने, उत्तर प्रदेश सरकार और वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह; 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023, के अंतर्गत " -सड़क सुरक्षा शपथ "कार्यक्रम में , प्रतिभागिता किया ।इसमें उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी, के सभी यूनिटों कार्यक्रम अधिकारी, डॉ0 राजेश राय,डॉ0 मनोज कुमार सिंह, डॉ0 संजीव कुमार सिंह एवम डॉ0सपना सिंह ने अपनी सहभागिता दी । कार्यक्रम के दौरान समस्त स्वमसेवक छात्र एवम स्वयंसेविका छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम की कुछ झलकियां ..






उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज में 6 एवं 7 जनवरी 2023 को 10:00 से 3:00 बजे तक NISM (नेशनल इंस्टीट्यूट आफ सिक्योरिटीज मार्केट) की टीम ने 2 बैच में लगभग 140 छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के द्वारा छात्र छात्राएं शेयर बाजार एवं म्यूचुअल फंड में कैरियर बना सकते हैं । प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजनके कार्यक्रम समन्वयक प्रो अंजू सिंह के माध्यम से संपन्न हुआ । सह समन्वय प्रो पंकज कुमार सिंह, प्रो नीलिमा सिंह , प्रो रेनू सिंह,प्रो रश्मि सिंह की भूमिका सराहनीय रही। NISM Trainers दीपक कुमार, अनिल नारायण दुबे ,मोनू साहू प्रसून नारायण दुबे ने छात्र-छात्राओं को दो दिनों में 5+5=10 घंटे का प्रशिक्षण प्रदान किया तथाउन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम में IQAC इंचार्ज प्रो नरेंद्र प्रताप सिंह एवं प्रो सुधीर कुमार साही की गरिमामय उपस्थिति रही । प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने एक ज्ञानवर्धक और सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कार्यक्रम संयोजिका और इस कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले अन्य सभी प्राध्यापकों के साथ एन आई एस एम का आभार व्यक्त किया है।







26.12.2022 Beer Baldiwas


आज उदय प्रताप कॉलेज स्वायत्तशासी कॉलेज में 'वीर बाल दिवस' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में 'गुरुगोविंद सिंह जी के साहिबजादों का बलिदान' नामक शीर्षक पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने यह कार्यक्रम नागरिकों,विशेष रूप से छोटे बच्चो को सिखों के अंतिम गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के साहस की कहानी बताने के लिए प्रति वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है, जिसके तहत उदय प्रताप कॉलेज में भी इस कार्यक्रमका अयोजन किया। इसका आरंभ कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफ़ेसर अंजू सिंह के संबोधन से हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर चंद्र प्रकाश सिंह ने किया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफ प्रॉक्टर प्रोफ़ेसर संजय साही तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर पंकज कुमार सिंह,डॉक्टर संजय कुमार स्वर्णकार ने कार्यक्रम को संबोधित करके कार्यक्रम के महत्व को छात्र - छात्राओं को बताया साथ ही निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। अंत में डॉ. अग्नि प्रकाश शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थिति सभी अतिथियों और छात्र - छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।कार्यक्रम के मंच संचालक डॉ. राजेश सिंह के साथ डॉ. चंदन कुमार और डॉ. कीर्ति सिंह आदि शिक्षकगण भी उपस्थित रहें।





किसानों को उद्यमी बनने की आवश्यकता है- पद्मश्री श्री चंद्रशेखर सिंह*
*उदय प्रताप कॉलेज में प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ*
दिनांक 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर उदय प्रताप कॉलेज की केंद्रीय पुस्तकालय में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी एवं एग्रीविजन के सहयोग से प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । इस कार्यशाला में 2 दिनों के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्राकृतिक खेती के विभिन्न विषयविशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया है । कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रगतिशील किसान तथा वसुंधरा फार्म के निदेशक पद्मश्री श्री चंद्रशेखर सिंह जी ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने कृषि की औपचारिक शिक्षा न ग्रहण करने के बावजूद अपने गांव-घर पर रहकर ही तथा अनुभव व सतत प्रयास से विभिन्न फसलों की 8 प्रजातियां विकसित की हैं । जिनको उगाकर क्षेत्र के किसान लाभान्वित हो रहे हैं । श्री चंद्रशेखर जी ने यह भी बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक खेती के द्वारा न केवल कीटनाशक/ प्रदूषण रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सकती है, बल्कि प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयवों जैसे कंपोस्ट बनाने, वर्मी कंपोस्ट बनाने, प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग में रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जा सकते हैं।श्री चंद्रशेखर जी ने महाविद्यालय /विश्वविद्यालयों में पढ रहे छात्र-छात्राओं कोछात्रावास में दिए जाने वाले भोजन में बाजार से खरीद कर खाद्य सामग्री विशेषकर दाल एवं तेल खिलाने की बजाय महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय परिसर में ही तेल निकालने या दाल बनाने की मशीन लगाकर स्वनिर्मित खाद्य सामग्री खिलाने पर जोर दिया। जिससे कि छात्र-छात्राओं को मिलावटी भोजन से बचाया जा सके साथ ही महाविद्यालय में रोजगार के अवसर पैदा किए जा सके।उन्होंने खेती को व्यवसाय एवं उद्यम के रूप में अपनाने पर जोर दिया, साथ ही प्राकृतिक खेती को एक धर्म की तरह अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ।धर्म समाज में साम्यता स्थापित करने में आदि काल से ही प्रभावी रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न धर्म गुरुओं तथा आश्रमों से प्राकृतिक खेती का प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए । कार्यशाला के पहले दिनप्रथम सत्र में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर जैनेंद्र कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला ।उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयवों जैसे- बीजामृत, जीवामृत, पंचगव्य, अंडा अर्क, मछली अर्क, नारियल छाछ, घड़ा अर्थ, संजीवक तथा अमृत पानी आदि को तैयार करने की विधियां एवं उनके उपयोग विधियों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी डॉ. सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न अवयवों को घर पर ही उपलब्ध सामग्री जैसे गोमूत्र, गोबर, दूध, दही, घी, नारियल पानी आदि से तैयार किया जा सकता है। तथा इनके उपयोग से ना केवल मृदा की उर्वरता बढ़ती है बल्कि इनमें पाए जाने वाले पादप हार्मोन पौधों की वृद्धि में भी सहायता करते हैं । साथ ही इन फॉर्मूलेशंस में पाए जाने वाले विटामिन व खनिज लवण मृदा में पाए जाने वाले जीवाणुओं को भोजन प्रदान करते हैं ।कार्यशाला के प्रायोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कृषि इकाई एग्रीविजन के राष्ट्रीय सह-संयोजक अमित सिंह जी ने बताया कि किस प्रकार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एग्रीविजन के माध्यम से देश के लगभग 75 कृषि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को कृषि उधमिता की ओर उन्मुख करने का कार्य कर रही है । कार्यशाला के चौथे सत्र में कृषि कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप सिंह ने कीट पतंगों के भोजन के रूप में उपयोगिता पर प्रकाश डाला । उन्होंने बताया कि कीड़े मकोड़े किस प्रकार पौष्टिक भोजन के रूप में उपयोग किए जा सकते हैं तथा बहुत से देशों में इनके विभिन्न प्रकार के व्यंजन बड़े चाव से खाए जाते हैं ।
कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने की । कार्यशाला के संयोजक प्रोफेसर मनीष कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की । धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला के सह-संयोजक डॉ. देव नारायण सिंह ने किया । इस दौरान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण प्रो. आरपी सिंह, प्रो. एसके साही, डॉ मयंक सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे । कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न कृषि महाविद्यालयों के लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।






[redacted]

के सिंह ने तथा समापन निरुपमा सिंह उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर ने किया।

बीमार न पड़े। इस मौके पर लगभग 40 स्वच्छता मित्रों एवं सहयोगियों को कंबल प्रदान किया गया।

# किसानों को उद्यमी बनने की आवश्यकता : पद्मश्री चंद्रशेखर

**वाराणसी(रणभेरी सं.)।** उदय प्रताप कॉलेज में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान एवं एग्रीविजन के सहयोग से प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रगतिशील किसान तथा वसुंधरा फार्म के निदेशक पद्मश्री चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती के द्वारा न केवल कीटनाशक/ प्रदूषण रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सकती है, बल्कि प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयवों जैसे कंपोस्ट बनाने, वर्मी कंपोस्ट बनाने, प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग में रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जा सकते हैं। उन्होंने छात्रावास के लिए बाजार से खरीद कर खाद्य सामग्री विशेषकर दाल एवं तेल खिलाने की बजाय महाविद्यालय परिसर में ही तेल निकालने या दाल बनाने की मशीन लगाकर स्वनिर्मित खाद्य सामग्री खिलाने पर जोर दिया। बीएचयू शस्य विज्ञान विभाग के प्रो. डॉक्टर जैनेंद्र कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रायोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कृषि इकाई एग्रीविजन के राष्ट्रीय सह-संयोजक अमित सिंह ने बताया कि किस प्रकार



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एग्रीविजन के माध्यम से देश के लगभग 75 कृषि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को कृषि उद्यमिता की ओर उन्मुख करने का कार्य कर रही है। कृषि कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.कुलदीप सिंह ने कीट पतंगों के भोजन के रूप में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.धर्मेंद्र कुमार सिंह और संयोजक प्रो. मनीष कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. देव नारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो. एसके सिंह,प्रो. आरपी सिंह, प्रो. एसके शाही, डॉ मयंक सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह आदि थे। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न कृषि महाविद्यालयों के लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी में कैरियर काउंसलिग शिविर।
22.12.2023







## छात्रों को रोजगार के अवसर बताए

वाराणसी। यूपी कॉलेज में गुरुवार को कॅरियर काउंसिलिंग शिविर लगाया गया। आयोजन काशी विद्यापीठ सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र और यूपी कालेज प्लेसमेंट सेल की तरफ किया गया।

बीएड के विद्यार्थियों के लिए प्रो. मनीष कुमार सिंह के संयोजन में लगे शिविर में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। विषय प्रवर्तन मदन लाल उप प्रमुख, विवि सेवायोजन सूचना व मंत्रणा केंद्र ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. मुकेश पंथ एवं प्रार्थना मिश्रा थीं। अध्यक्षता प्रो. गरिमा सिंह ने की। धन्यवाद प्रो. ललिता राव व संचालन प्रो. रश्मि सिंह ने किया। प्रो. रेनू सिंह, डॉ. संजय स्वर्णकार, डॉ. अनुराग आदि थे।

आजादी का अमृत महोत्सव - तिरंगा यात्रा
उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी के बी एडविभाग के प्राध्यापक और विद्यार्थी

शिक्षा संकाय, उदय प्रताप महाविद्यालय, वाराणसी के तत्वाधान में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पर्व 'अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में ध्वज पदयात्रा का आयोजन 04 अगस्त 2022 को किया गया। उपरोक्त तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं शिक्षा संकाय के समस्त प्राध्यापकों ने नेतृत्व किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम को निम्न लिंक के माध्यम से यूट्यूब पर देखा जा सकता है।

https://youtu.be/xCUoqaqSlxc







**निवेशक जागरुकता कार्यक्रम**

14.06.2022

आज दिनांक 13 जून 2022 को अर्थशास्त्र विभाग, उदय प्रताप कॉलेज द्वारा भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के सह संयोजन में निवेशक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी, सेबी की ओर से आये श्री दीपक कुमार ने निवेश हेतु निर्णय, निवेश हेतु बेहतर विकल्प, फ्रॉड से बचाव , सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट, म्यूच्यूअल फण्ड में इन्वेस्टमेंट, फण्ड मैनेजर का रोल आदिके बारे में जानकारी देते हुए बताया की किस प्रकार निवेश से सुरक्षा के साथ प्रतिफल भी प्राप्त कर सकते हैं । विभिन्न प्रकार के व्यवहारिक उदाहरण और जानकारियों के द्वारा इस कार्यक्रम में प्रभावी तरीके से यह समझाने का प्रयास किया गया कि सुरक्षित निवेश क्या है? और कहां पर पैसा लगाएंगे तो वह सुरक्षित रहेगा ।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन अर्थशास्त्र विभाग के डॉ0 अनूप कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम मे कुल 67 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। धन्यवाद ज्ञापन आई0क्यू0ए0सी0 कोआर्डिनेटर डॉ0 नरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।






# सेबी के संयोजन में निवेशक जागरूकता का हुआ आयोजन

वाराणसी। उदय प्रताप स्वायत्तशासी महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में सोमवार को भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के संयोजन में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया! इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा राजर्षि जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कराया गया! कार्यक्रम के शुभारंभ में प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी। सेबी की ओर से आए हुए दीपक कुमार ने निवेश हेतु निर्णय, निवेश हेतु बेहतर विकल्प, फ्रॉड से बचाव, सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट, म्यूचुअल फंड में इन्वेस्टमेंट फंड मैनेजर का रोल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार निवेश से सुरक्षा के साथ प्रतिफल भी प्राप्त कर सकते हैं! विभिन्न प्रकार के व्यावहारिक उदाहरण और जानकारियों के द्वारा इस कार्यक्रम में प्रभावी तरीके से यह समझाने का प्रयास किया गया कि सुरक्षित निवेश क्या है? कहां पर पैसा लगाएंगे तो वह सुरक्षित रहेगा! कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन अर्थशास्त्र विभाग के डॉ अनूप कुमार सिंह ने किया! इस कार्यक्रम में कुल 67 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अन्त मे धन्यवाद ज्ञापित डा.नरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

**Role of Women in Developing Science and Society.**

8.3.2022

A workshop is being organized under the Banner of Science and Society on 8th March 'International Women's Day. The title of workshop is Role of Women in Developing Science and Society. The workshop is being organized under DBT Star College Scheme (Star Status), Department of Biotechnology, Govt. of India. The program will be organized in offline mode in the Department of Zoology, Udai Pratap College, Varanasi. Your graceful presence and participation is expected in the program. The Program Schedule is attached herewith. PROGRAM SCHEDULE PROGRAM 2. 30 – 2. 35 INAUGURAL ADDRESS BY DR. GARIMA SINGH HEAD, DEPARTMENT OF EDUCATION, UDAI PRATAP COLLEGE (AUTONOMOUS), VARANASI 2. 35 – 2. 45 GARLANDING OF PUJYA RAJARSHI JI DEEP PRAJWALAN KULGEET 2. 45 - 3. 00 WELCOME ADDRESS BY DR. DHARMENDRA KUMAR SINGH PRINCIPAL, UDAI PRATAP COLLEGE (AUTONOMOUS), VARANASI 3. 00 - 3. 10 FELICITATION OF CHIEF GUEST PROF. CHANDANA HALDAR UGC-BSR FACULTY FELLOW; FORMER DIRECTOR, INSTITUTE OF SCIENCE; FORMER HEAD, DEPARTMENT OF ZOOLOGY; IN-CHARGE, PINEAL RESEARCH LAB, DEPARTMENT OF ZOOLOGY, INSTITUTE OF SCIENCE, BANARAS HINDU UNIVERSITY FELICITATION OF GUEST OF HONOUR DR. JANHVI SINGH ASSOCIATE PROFESSOR AND FORMER COORDINATOR (CHEMISTRY), DBT STAR SCHEME, DEPARTMENT OF CHEMISTRY, UDAI PRATAP COLLEGE (AUTONOMOUS), VARANASI 3. 10 – 3. 20 LECTURE – DR. JANHVI SINGH, GUEST OF HONOUR 3. 20 - 4. 00 LECTURE - PROF. CHANDANA HALDAR, CHIEF GUEST 4. 00 – 4. 10 PRIZE DISTRIBUTION BASKET BALL GIRLS TEAM ANSHIKA SINGH, RITU KUMARI AND SITU KUMARI (ALL INDIA INTER UNIVERSITY)

## Science and Society on 4.2.2022 at 2.30 PM.

Under the sponsorship of DBT Star College Scheme An outreach program https://www.youtube.com/live/FOUt-FErTDA?si=v5qsMaJeor1CW8iz

Popular Lecture 01: "SARS-COV2: What we have learnt so far" This outreach programme is under the DBT STAR College Scheme (Star Status) organised by Udai Pratap College (Autonomous), Varanasi, Uttar Pradesh. This programme is sponsored by Department of Biotechnology, Government of India, New Delhi. Date: 04 February, 2022 Time: 02:30 PM Keynote speaker: Prof. Sunit Singh, Head, Molecular Biology Unit, Institute of Medical Sciences, Banaras Hindu University, Varanasi. Dr. Sunit Kumar Singh is a Professor of Molecular Immunology & Virology. His work area is Molecular pathogenesis of Emerging and Re-emerging Viruses. He uses most of the molecular biological tools to answer his research question related to viruses. He has done marvelous work in the virology specially Zika virus (ZIKV), Chikungunya virus, Japanese Encephalitis, and newly emerged SARS-COV2 (an infectious agent causing Covid-19). Prof. Singh recently uncovered and reviewed the mechanism of airborne transmission of SARS-COV2. He emphasized that inhalation of small droplets laden with CoV-2 particles is one of the major routes for its spread from symptomatic as well as asymptomatic patients. Small particulate patter (PM), aerosol present in the air, temperature and humidity also augment the persistence and spread of the virus. His innovative idea and research have increased our understanding of the current pandemic period.


23.02.2022


Self defence programme Promoting women's sense of self-worth...

Self defense workshop organized by women cell U.P. college, it will allow girls to develop confidence, it will allow them to empower themselves. excellent feedback received..


महिलाओं के आत्म-मूल्य की भावना को बढ़ावा देना ...

महिला प्रकोष्ठ उ.प्र.कालेज द्वारा आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन, इसमें लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, इसमें उन्हें सशक्त बनाया जाएगा। उत्कृष्ट प्रतिक्रिया प्राप्त हुई..




GPS Map Camera
Playground
Google
Varanasi, Uttar Pradesh, India
9X3C+CVH, Narayanpur, Varanasi, Uttar Pradesh 221003, India
Lat 25.353766°
Long 82.971807°
23/02/22 10:39 AM


GPS Map Camera


GPS Map Camera
Playground
Google
Varanasi, Uttar Pradesh, India
9X3C+CVH, Narayanpur, Varanasi, Uttar Pradesh 221003, India
Lat 25.353766°
Long 82.971807°
23/02/22 10:39 AM

**Art Exhibition, (18 Feb 2022) Art and Music Workshop, B.Ed. 1st Semester 2021-22**

https://youtu.be/5fnhRxKro0g?si=FJmW-m2RxQwqx9Vc




https://www.youtube.com/watch?v=5fnhRxKro0g



**रंगोली सजावट, कला एवं संगीत कार्यशाला समापन समारोह, 18 फरवरी 2022 उदय प्रताप महाविद्यालय वाराणसी *Bed)**
https://youtu.be/proUzYcbGsg?si=3ksUfDUI-qamXjph

B.Ed. प्रथम सेमेस्टर )2021-23) के प्रशिक्षुओं हेतु आयोजित दक्षता संवर्धन कार्यक्रम )EPC) के अन्तर्गत सम्पन्न नाट्य कार्यशाला की समस्त प्रस्तुति और उसकी समीक्षा तथा अन्य सम्बन्धित वीडियो अब आप नीचे दिये गये लिंक से यूट्यूब पर देख सकते हैं।
_*नाटक प्रस्तुति *-_
*1. अन्धा युग *-https://youtu.be/-MW8YLe7hQQ
*2. असाध्य वीणा *-https://youtu.be/EdorGlWBrZA
*3. कामायनी *-https://youtu.be/URooyIPdUOU
*4. सैनिक और बंदूक *-https://youtu.be/oqb1JJTwMEg
_*मंचन की समीक्षा*_ - https://youtu.be/u1wY9P3bmAk
_*शिक्षक सम्भाषण *-_
*Dr. Lalita Rao Ma'am -* https://youtu.be/ViiRW9OZ-Do
*Dr. Renu Singh Ma'am* -https://youtu.be/cmTfWDXpqnU
*Dr. Shubhra Ma'am -* https://youtu.be/qCB6uaQjmfo

**Seven Day  Chemistry Practical Workshop**









**Science Adda11. 02. 2022**
https://www.youtube.com/live/ZO4dQVM02Ik?si=22VhhU80ZrktxRMF
One Day Interaction Program For Local Schools Showcasing Science, Technology And Innovation Organised by: Udai Pratap College (Autonomous), Varanasi Sponsored by: DBT Star College Scheme (Star Status), Department of Biotechnology, Government of India, New Delhi Convener: Dr. D.K. Singh, Principal, Udai Pratap College, Varanasi Programme Coordinator: Dr. Tumul Singh, Associate Professor and Head, Department of Zoology, Udai Pratap College, Varanasi Inauguration Date : 11. 02. 2022 Time: 11. 00 AM Keynote Speaker: Dr. Vijay Kumar (S. S. Bhatnagar Prize for Science and Technology - 1997), Dean (Academics) and Professor, Department of Molecular and Cellular Medicine, Institute of Liver and Biliary Sciences, New Delhi. Keynote Lecture: “Precision Medicine and Future of Healthcare” About “SCIENCE ADDA” This One Day Interaction Program is being organized by Udai Pratap College, Varanasi (An Autonomous Institution). It is sponsored under the mentorship program of DBT Star College Scheme (Star Status) provided to our College by Department of Biotechnology, Govt. of India, New Delhi. The program is being organized for local Schools and Colleges showcasing Science, Technology and Innovation under the aegis of AzaadikaAmritMahotsava. In this program we are going to organize invited lectures, practical demonstration and virtual tour of laboratories. The interaction will be in hybrid mode both online and offline. The aim of this interaction program with the School students is to motivate them towards pursuing career in Science & Technology.
